2 नटखट

नटखट — मेरा नाम नटखट है।

माँ — जैसा नाम, वैसा इसका काम। दिन भर कूदता रहता है।

पिता जी — सँभलकर चला करो, चोट लग सकती है।

नटखट — मुझे कुछ नहीं होगा। मैं बहुत बहादुर हूँ।

माँ — तुम यहीं रुको, हम अभी आते हैं।

नटखट — अब मैं करूँगा खूब उछल-कूद।
आगे-पीछे, ऊपर-नीचे, इधर-उधर
सब जगह।

नटखट — अरे! यह मेरे पैर
में क्या अटक गया।
यह तो ऊन का गोला
है। अभी कुतरता हूँ
इस ऊन को। कुतर-
कुतर...(ऊन कुतरता है)

अरे, यह ऊन क्यों नहीं कुतरी
जा रही! माँ-माँ, बचाओ, बचाओ! पिता
जी, मुझे बचाओ!

माँ — नटखट, नटखट, कहाँ हो तुम?

पिता जी — क्या हुआ नटखट?

शिक्षण संकेत : बड़ों की बात न मानने से क्या हानि हो सकती है— इसपर चर्चा करें।

नटखट — माँ देखो, मैं ऊन में उलझ गया हूँ। निकल नहीं पा रहा।



माँ — अरे! तुम कैसे उलझ गए?

पिता जी — रुको ज़रा!

माँ — धीरज रखो बेटा, पिता जी अभी सारी ऊन कुतर देंगे।

पिता जी — देखो, सारी ऊन हट गई।

नटखट — ही-ही-हो। मैं तो ऊन से बाहर आ गया।

माँ — अब शरारत मत करना।

नटखट — ठीक है माँ, मैं कभी शरारत नहीं करूँगा।



आओ करें Let's do it!

1. सुनो और बोलो Listen and speak—

चूहा	rat	कूदता	jump	चोट	injury
बहादुर	brave	ऊन	wool	बचाओ	save
धीरज	patience	शरारत	mischief	कुतरना	to nibble
सँभलकर	carefully	रुको	stop	काम	work

2. पढ़ो और समझो Read and understand—

मेरा my	—	मरा dead	दिन day	—	दीन poor
चोट injury	—	चाट chaat	तुम you	—	तम darkness
आगे above	—	आग fire	पैर feet	—	पर feather
पिता father	—	पता address	कूद jump	—	कद height

3. समझो और लिखो Understand and write—

क. चूहे का क्या नाम था?

चूहे का नाम नटखट था।

ख. ऊन कहाँ पड़ी थी?

ऊन जमीन पर पड़ी थी।

ग. चूहा किसमें उलझ गया था?

चूहा ऊन के गोले में अटक गया।

घ. ऊन किसने कुतरी थी?

ऊन पिताजी ने कुतरी थी।

4. समझो और मिलाओ Understand and match—



चूहा

ऊन

पैर

5. समझो और बताओ, कौन किससे डरता है?

Who afraid from whom, understand and write.

चूहा .... से

बिल्ली .... से

6. श्रुतलेख Dictation—

बहादुर इधर उधर ऊपर नीचे सँभलकर